भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
10.03.2021 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2751 का उत्तर

रेल सेवाएं

2751. श्रीमती संगीता आज़ाद:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गत दो वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश के उत्तरी भागों को देश के अन्य राज्यों से जोड़ने के लिए कोई नई रेल सेवा आरंभ की गई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या लालगंज से होते हुए आजमगढ़ से वाराणसी के बीच सीधी रेल लाइन हेतु कोई प्रस्ताव सरकार के पास लंबित है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, वाणिज्य एवं उद्योग और
उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): चूंकि रेलवे का नेटवर्क राज्य की सीमाओं के आर-पार तक फैला हुआ होता है, इसलिए, भारतीय रेल राज्य-वार आधार पर रेल परिचालित नहीं करती है। वर्ष 2018 तथा 2019 के दौरान भारतीय रेल ने 20 जोड़ी नई रेलगाड़ी सेवाएं शुरु की हैं जो उत्तर प्रदेश राज्य में अवस्थित विभिन्न स्टेशनों को सेवित करती है और उसमें से निम्नलिखित 05 जोड़ी गाड़ियां अन्य के साथ-साथ राज्य के पूर्वी भाग में अवस्थित वाराणसी, प्रयागराज और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन जैसे प्रमुख स्टेशनों को सेवित करती हैं:-

1. 15125/15126 मंडुआडीह-पटना एक्सप्रेस।
2. 22437/22438 प्रयागराज-आनंद विहार (टी) हमसफर एक्सप्रेस।
3. 22435/22436 नई दिल्ली-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस।
4. 15551/15552 दरभंगा-वाराणसी अंत्योदय एक्सप्रेस
5. 65105/65106 वाराणसी सिटी-छपरा मेमू।

(ग) और (घ): जी नहीं। लालगंज तथा आजमगढ़ के रास्ते वाराणसी-गोरखपुर (196 किमी) के लिए सर्वेक्षण 2018-19 में पूरा कर लिया गया है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, परियोजना वित्तीय दृष्टिकोण से अलाभकारी पाई गई, इसलिए, परियोजना के निष्पादन पर आगे विचार नहीं किया जा सका।

*****